राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक :09.04.2014

–: <u>प्रेस–विज्ञप्ति</u> :–

आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड ।। प्रतियोगी परीक्षा, 2013 जो दिनांक 21–02–2014 से 25–02–2014 तक आयोजित हुई थी, में प्रविष्ठ हु**<u>ए ऐसे अभ्यर्थी जो सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्रा में अलग रोल नम्बर से तथा ऐच्छिक विषय के प्रश्न पत्रा में अलग रोल नम्बर से सम्मिलित हुए हैं,</u>** को उनके सामान्य ज्ञान प्रश्न पत्रा के अंक व ऐच्छिक विषय के अंक एक साथ करने हेतु आयोग द्वारा पूर्व में प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 14–02–2014 के तहत सूचना प्रस्तुत करने हेतु समय दिया गया था ।

उपरोक्त वर्णित ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने आयोग को अभी तक सूचना प्रेषित नहीं की है उन्हे प्रार्थना पत्रा प्रस्तुत करने का अन्तिम अवसर दिया जाता है । ऐसे अभ्यर्थी सामान्य ज्ञान व ऐच्छिक विषय के दोनों प्रवेश पत्राों की छाया प्रति मय प्रार्थना पत्र के आयोग कार्यालय में दिनांक 12.05.2014 सांय 6.00 बजे तक आवश्यक रुप से डाक द्वारा अथवा व्यक्तिशः जमा करा दे ताकि उनके द्वारा भरे गये अलग अलग आवेदन पत्राों को आयोग द्वारा जारी प्रवेश पत्रों अनुसार एक साथ कर तद्नुसार परिणाम घोषित किया जा सके । ऐसा नहीं करने पर सामान्य ज्ञान प्रश्न पत्रा के अंक ऐच्छिक विषय के अंक के साथ जोडा जाना सम्भव नहीं होगा , जिसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा । **अंतिम दिनांक 12.05.2014 के पश्चात प्राप्त अभ्यावेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।**

जिन अभ्यर्थियों द्वारा उक्त आशय की सूचना पूर्व में ही आयोग को जमा करा दी है अथवा भिजवा दी है, उन्हे पुनः अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है ।

(नरेश कुमार ठकराल)
सचिव